दैनिक जागरण 9/06/2024

जीएमएन कालेज में 810 सीटों पर होंगे दाखिले

जीएनएम और नर्सिंग में होंगे एडमिशन, बीसीए, सीबीए एआइ बीबीए, एमबीए, एमसीए में जुलाई से, मेरिट लिस्ट के बाद जमा होगी फीस

मिशन एडमिशन

जागरण संवाददाता, अंबाला : कालेजों की एंट्री क्लास में दाखिले शुरू हो चुके हैं। अंबाला कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में 810 सीटों पर दाखिला आवेदन लिए जाएंगे, जबकि 12 कोर्स में यह दाखिले होंगे। खास बात है कि इसी सत्र में जहां जीएनएम और नर्सिंग में भी एडमिशन होंगे, वहीं बीसीए, सीबीए एआइ, बीबीए, एमबीए, एमसीए में जुलाई-अगस्त में दाखिले लिए जाएंगे। फिलहाल विद्यार्थी एंट्री क्लास के लिए आनलाइन दाखिला आवेदन कर रहे हैं। कालेज का कहना है कि कुछ कोर्स ऐसे हैं, जिनमें अस्पताल व कंपनियों से मेमोरेंडम आफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) साइन किए गए हैं, जिनका फायदा विद्यार्थियों को होगा। फिलहाल दाखिला आवेदन लिए जा रहे हैं, जबकि मेरिट लिस्ट के बाद फीस जमा होगी ,जबकि अन्य प्रक्रियाओं के तहत सीटें भी भरी जाएंगी।

बीएससी नर्सिंग तथा जीएनएम में भी इसी सत्र से दाखिले : कालेज में इस बार बीएससी नर्सिंग में दाखिले दिए जाएंगे। नर्सिंग कक्षाएं शुरू करने वाला जीएमएन कालेज अंबाला का पहला कालेज है। इस के लिए

जीएमएन कालेज का प्रवेश द्वार।

सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल के साथ एमओयू साइन किये गये हैं। यह कोर्स करने वाले विद्यार्थी इन अस्पताल में ट्रेनिंग कर सकेंगे और उसके बाद उनके लिए उनमें प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ-साथ देश-विदेश में विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट के अवसर महाविद्यालय द्वारा प्रदान किये जाएंगे।

तकनीकी कोर्स में भी मिलेंगे दाखिले :

कालेल में आल इंडियन काउंसिल फार टेक्नीकिल एजुकेशन (एआइसीटीई) की अप्रूवल से पांच कोर्स चलाए जाएंगे। कालेज में बीसीए, बीसीए एआइ, बेचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) को लेकर एआइसीटीई ने मान्यता दी है। बीसीए, सीबीए एआइ, बीबीए, एमबीए, एमसीए में 60-60 सीटें हैं। इन सभी में दाखिले जुलाई-अगस्त में शुरू होंगे। बीसीए (एआइ), एमसीए, एमबीए हेतु इन्फोसिस इंडियन आइटी कंपनी के साथ एमओयू हुआ है।

इन कोर्स में मिलेगा एंट्री क्लास में दाखिला

जीएमएन कालेज द्वारा 12 कोर्स में एंट्री क्लास में दाखिला दिया जाएगा। • बेचलर आफ आर्ट्स (एडिड) में 240 सीटें • बेचलर आफ आर्ट्स विद मेजर सब्जेक्ट इंग्लिश (एडिड) में 30 सीटें • बेचलर आफ आर्ट्स विद मेजर सब्जेक्ट पालीटिकल साइस (एडिड) में 30 सीटें • बेचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एडिड) में 60 सीटें • बेचलर आफ कामर्स (एडिड) में 80 सीटें • बेचलर आफ कामर्स (सेल्फ फाइनेंस) में 80 सीटें • बेचलर आफ कामर्स, आनर्स (सेल्फ फाइनेंस) में 30 सीटें • बेचलर आफ कामर्स, वोकेशनल - कप्यूटर एप्लीकेशन (सेल्फ फाइनेंस) में 30 सीटें • बेचलर आफ कप्यूटर एप्लीकेशन (सेल्फ फाइनेंस) में 60 सीटें • बेचलर आफ कप्यूटर एप्ललीकेशन (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) (सेल्फ फाइनेंस) में 60 सीटें • बेचलर आफ साइस (लाइफ साइस) (एडिड) में 30 सीटें • बेचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइस (एडिड) में 80 सीटें ।

“कालेज द्वारा 810 सीटों पर दाखिला दिया जाएगा। इसको लेकर फिलहाल प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के कोर्स में भी इसी सत्र से दाखिले दिए जाएंगे। इसी तरह बीसीए, सीबीए एआइ, बीबीए, एमबीए, एमसीए के लिए दाखिले जुलाई-अगस्त से शुरू होंगे।

डा. रोहित दत्त, प्रिंसिपल जीएमएन कालेज अंबाला कैंट